ई-पत्रिका

मह- जनवरी 2017

# नगर पालिका परिषद,शाहजहॉपुर

Website- www.nppshahjahanpur.in,
E-mail- eonppshahjahanpur@gmail.com






गणतन्त्र दिवस पर जिलाधिकारी महोदय शाहजहॉपुर द्वारा जनपद के शहीदों रामप्रसाद बिस्मिल,अशफाक उल्ला खॉ,ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण किया गया। तदुपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा शहीद उद्यान में भी शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण किया गया।




मा0 अध्यक्ष महोदय,नगर पालिका परिषद, शाहजहॉपुर द्वारा शहीदों की धर्ती के सिरमौर अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल,अशफाक उल्ला खॉ व ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमओं पर माल्यापर्ण किया गया। इस अवसर पर श्री राम मूर्ति सिंह वर्मा जी, मा0 राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने भी शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।









गणतन्त्र दिवस अवसर नगर पालिका परिषद,शाहजहॉपुर के अधिशासी अधिकारी श्री मुनेन्द्र सिंह राठौर द्वारा भी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल,ठोकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खॉ व बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमाओं माल्यापर्ण किया गया ।



झण्डारोहण से पूर्व पालिका के समस्त कर्मचारियों के अतिरिक्त सावधान की मुद्रा में खडे मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद,शाहजहाँपुर श्री तनवीर खॉ, अधिशासी अधिकारी महोदय,श्री मुनेन्द्र सिंह राठौर, मा0 सभासद श्री प्रशान्त सक्सेना, लेखाकार श्री गिरीश बहादुर सिंह, सहायक अभियन्ता (जल) श्री रमेश चन्द्र रघुवंशी, श्री अब्दुल हामिद खॉ,अवर अभियन्ता (सिविल) श्री विक्रमाजीत यादव, कार्यावाहक मुख्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगला गंगवार,सफाई निरीक्षक श्री पवन कुमार व अध्यक्ष महोदय के स्टेनो श्री सरताज आलम उपस्थित रहे।






झण्डारोहण के उपरान्त मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर श्री तनवीर खॉ ने अपने सम्बोधन में सभासदों,अधिकरियों व कर्मचारियों को अपने सफल कार्यकाल के लिये धन्यवाद दिया, इस अवसर पर उन्होने कहा कि पालिका द्वारा जितने भी विकास कार्य कराये गये हैं वह आप सभी के सहयोग के बिना सम्भव नहीं थे। उन्होने सभी सभासदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी शुभकामनायें दी तथा सेवा भाव से कार्य करने हेतु आशा व्यक्त की।



स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ जनपद शाहजहॉपुर के महामंत्री व अध्यक्ष महोदय के स्टेनो श्री सरताज आलम के संचालन में गणतत्रंता दिवस के कार्यक्रम का आयोजन पालिका सभाकक्ष में किया गया।

स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ जनपद शाहजहॉपुर के अध्यक्ष, श्री कुलभूषण वर्मा द्वारा गणतत्रंता दिवस शुभकमानाओं दी गई इसीके साथ गणतन्त्र दिवस के कार्यक्रम का आयोजन पालिका सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में पालिका के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

